हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026



06 महानगरों की तर्ज पर नजर आएगी नेहरू पार्क की...





09 महाशिवरात्रि मेला 2026: शिवभक्तों के लिए तैयार...






## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर महिला ने दी जान

**सोहागपुर।** नगर के नयाखेड़ा थाना सोहागपुर क्षेत्र में एक महिला ने मंगलवार को फांसी लगाकर जान दे दी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायमी कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 21 वर्षीय महिला आरती पति शैलेंद्र गढ़वाल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली है। मृतिका के परिजनों द्वारा मृत अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर लाया गया था। डॉ. नेहा वर्मा के मेमो के अनुसार आकाश गिरी अस्पताल सोहागपुर की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतिका का शव पंचनामा तथा पीएम पश्चात परिजनों को सौंपा गया है। मृत्यु का कारण अभी अज्ञात है।

### सुशील गोयल की तीसरी जमानत भी खारिज

**नर्मदापुरम।** बहुचर्चित डेरा सच्चा जमीन फर्जी खरीदी मामले में एडवोकेट सुशील गोयल की अग्रिम जमानत याचिकाएं पूरी तरह खारिज हो चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने 18 अगस्त, 2025 को जमानत आवेदन खारिज किया था, जबकि उच्च न्यायालय ने 02 फरवरी, 2026 को तीसरी अग्रिम जमानत अपील भी ठुकरा दी। न्यायालय में जस्टिस रामकुमार चौबे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि आरोपी की तीसरी जमानत याचिका, चाहे स्वेच्छा से वापस ली गई हो, अब अस्वीकृत मानी जाएगी। इस फैसले से संकेत मिलता है कि आरोपी को किसी भी राहत की उम्मीद नहीं है। कानून विशेषज्ञों के अनुसार, अब सुशील गोयल के पास केवल पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का विकल्प बचा है।

### वन स्टॉप सेंटर: 11 माह में 1034 मामले, 71 घरेलू हिंसा, 79 एफआईआर

# सोशल मीडिया व डिजिटल शक ने बढ़ाई घरेलू हिंसा की घटनाएं

सोशल मीडिया आज पारिवारिक और वैवाहिक रिश्तों के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। डिजिटल दुनिया की बढ़ती दखलअंदाजी ने सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर दिया है। हालात ऐसे बन रहे हैं कि शादी के कुछ ही दिनों बाद रिश्तों में दरारें पड़ने लगती हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




आज के दौर में सोशल मीडिया केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि वह सोच, व्यवहार और संबंधों को नियंत्रित करने वाली शक्ति बनता जा रहा है। पारिवारिक और वैवाहिक रिश्ते, जो कभी विश्वास, त्याग और आपसी समझ पर टिके होते थे, अब ऑनलाइन छवि, लाइक्स और वर्चुअल स्वीकृति की दौड़ में कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। डिजिटल दुनिया की यह बढ़ती दखलअंदाजी रिश्तों की निजी सीमाओं को लगातार भंग कर रही है।

शादी के बाद पति-पत्नी के बीच समय, संवाद और भावनात्मक जुड़ाव की जगह मोबाइल फोन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ले रहे हैं। एक ही घर में रहते हुए भी लोग एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर दूसरों के तथाकथित परफेक्ट रिश्तों को देखकर तुलना की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे असंतोष, ईर्ष्या और अविश्वास जन्म लेता है। छोटी-छोटी बातों पर शक, चैट हिस्ट्री की निगरानी और पुराने रिश्तों की डिजिटल मौजूदगी वैवाहिक जीवन में तनाव का बड़ा कारण बन चुकी है। वहीं घर के भीतर होने वाले छोटे-छोटे झगड़े अब घर की दहलीज लांघकर मोहल्लों, सड़कों और थानों तक पहुंच रहे हैं। सामान्य तकरार, नशाखोरी और आपसी तनाव धीरे-धीरे मारपीट और हिंसा का रूप ले रहे हैं। परामर्शदाताओं के अनुसार, पहले जहां वैवाहिक जीवन में टूट-फूट के मामले अपेक्षाकृत कम थे, वहीं अब सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने रिश्तों को और अधिक अस्थिर बना दिया है।

#### 75 प्रतिशत में समाधान

वन स्टॉप सेंटर में आने वाले मामलों में काउंसलिंग के माध्यम से समझाइश की जाती है, जिसमें लगभग 75 प्रतिशत मामलों का समाधान केंद्र स्तर पर ही हो जाता है, जबकि शेष 25 प्रतिशत मामलों में निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों से जुड़े प्रकरण लगातार केंद्र तक पहुंच रहे हैं।

#### काउंसलिंग की जा रही

वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से जहां कई मामलों में विधिक सहायता और काउंसलिंग के जरिए टूटते रिश्तों को संभालने का प्रयास किया गया, वहीं कुछ मामले अलगाव और कानूनी लड़ाई की ओर भी बढ़ते नजर आए। बावजूद इसके, विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर संवाद, काउंसलिंग और सामाजिक समझ से कई रिश्तों को टूटने से बचाया जा सकता है।

#### लिव इन में रह रहे कर रहे पार्टनर की शिकायत

वन स्टॉप सेंटर नर्मदापुरम की प्रशासक प्रतिमा बाजपेयी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के मार्गदर्शन में केंद्र द्वारा पीड़ित महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा के मामलों के स्वरूप में अब बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले जहां शारीरिक हिंसा के मामले अधिक आते थे, वहीं अब मानसिक उत्पीड़न, मोबाइल छीन लेना, सोशल मीडिया पासवर्ड मांगना, ऑनलाइन संबंधों को लेकर शक और विवाद प्रमुख कारण बनकर सामने आ रहे हैं। हर आयु वर्ग के लोग सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर पहुंच रहे हैं। इनमें लिव-इन पार्टनर से संबंधित शिकायतें और प्रेम विवाह से जुड़े मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है।

#### सोशल मीडिया मुख्य कारण बना

इन विवादों के पीछे एक प्रमुख कारण सोशल मीडिया पर बनी पुरानी दोस्तियां और मोबाइल चैटिंग को माना जा रहा है। कई मामलों में शादी के बाद भी पुराने संपर्क बने रहने से अविश्वास और तनाव पैदा हो रहा है। मोबाइल में दबे वर्षों पुराने संदेश रिश्तों की नींव हिला रहे हैं। वहीं, लिव-इन पार्टनरशिप से जुड़े शिकवे-शिकायतें भी विवाद को और गहरा कर रही हैं। नर्मदापुरम स्थित वन स्टॉप सेंटर में उषा किरण योजना के तहत दी जा रही काउंसलिंग कई परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। बीते 11 महीनों में यहां कुल 1034 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 71 घरेलू हिंसा से जुड़े रहे। 79 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 119 प्रकरण विधिक न्यायालय तक पहुंचे। वहीं 53 मामलों में आश्रय दिया गया हैं।

#### रिश्तों की मजबूती ही ताकत

सोशल मीडिया का असर केवल अरेंज मैरिज तक सीमित नहीं है। लव मैरिज और लिव-इन पार्टनरशिप में भी अपेक्षाओं और वास्तविकता के बीच का अंतर जल्दी सामने आने लगता है। सोशल मीडिया ने रिश्तों को विकल्पों की सूची में बदल दिया है, जहां असहमति या कठिनाई आने पर समझौते की बजाय अलग होने को आसान समाधान माना जाने लगा है। भावनात्मक परिपक्वता की कमी और धैर्य का अभाव रिश्तों को टिकाऊ बनने से पहले ही तोड़ देता है। अंततः, तकनीक को नियंत्रक नहीं, सहायक बनाना ही समाधान है। जब तक डिजिटल दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन नहीं बनाया जाएगा, तब तक पारिवारिक और वैवाहिक रिश्तों पर यह संकट बना रहेगा। रिश्तों की मजबूती ही किसी भी समाज की असली ताकत होती है।

### विधायक डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से की भेंट

# नर्मदापुरम के लिए 300 करोड़ के विकास प्रस्ताव किए पेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर, इटारसी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति की मांग रखी। इसके साथ ही विधायक ने क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक मामलों में आवश्यक स्वीकृतियों की भी मांग मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों को सकारात्मक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को अग्रेषित कर दिया है। विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता न केवल क्षेत्र के मौजूदा विकास कार्यों को गति प्रदान करेगी, बल्कि भविष्य में नर्मदापुरम के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जपं अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

#### नपाध्यक्ष ने भी की मांग

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से नर्मदापुरम नगर पालिका की अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने मुलाकात की और नगर में चार नए स्वागत द्वार, भोपाल चौराहे पर पार्किंग स्टैंड और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े प्रस्ताव भी रखे। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं पर भी सहमति जताई और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगरवासियों ने विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम नर्मदापुरम के समग्र विकास में अहम साबित होगा।

### सोहागपुर पुलिस की जनता से अपील

# नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति न दें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने जनता से अपील की है। जिसके अनुसार स्कूल, ट्यूशन अथवा अन्य कार्यों से जा रहे नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल या अन्य वाहन चलाने को ना दें। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार गत दिवस विशेष अभियान में सोहागपुर के निजी स्कूलों के सामने कार्रवाई की गई। जिसमें नाबालिकों के वाहन स्कूल के बाहर लगे हुए थे। उनके परिजनों को बुलाकर समझाया गया। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की भी की गई है। इस दौरान 17 प्रकरणों में 10 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य चालान तक सीमित ना होकर मुख्य रूप से मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों की प्रति जागरूक करना है। नाबालिकों के वाहन चलाने से संबंधित विगत दिनों सोहागपुर क्षेत्र में एक घटना हो चुकी है, जिसमें तीन नाबालिग बच्चे ट्यूशन से लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे।

#### लाउडस्पीकर की लें अनुमति

पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार वर्तमान में विवाह प्रारंभ हो गए हैं। साथ ही इसी माह स्कूलों में परीक्षाएं होंगीं। अतः ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार किया जाए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों को बजाने के लिए संबंधित अधिकारी की विधिवत अनुमति अनिवार्य है। उल्लंघन पर संबंधित के खिलाफ ध्वनि विस्तारक अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने से संबंधित शिकायत थाना सोहागपुर के मोबाइल नंबर पर की जा सकती है। डायल 112 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# डेढ़ सौ साल पुराने मातापुरा स्कूल की बाउंड्री वॉल हुई खतरनाक रूप से खोखली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के मातापुरा वार्ड में 150 वर्ष पुरानी शासकीय मातापुरा प्राथमिक शाला है। इस स्कूल का पुराना भवन तोड़ने के बाद कुछ वर्ष पूर्व नया भवन बनाया गया। लेकिन बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे खतरा बढ़ रहा है। आसपास के रहवासियों ने बताया कि बाउंड्रीवाल से लगकर सरकारी नाली है व सार्वजनिक नल लगा हुआ है। बाउंड्रीवाल का नाली की ओर का बाहरी हिस्सा अंदर की ओर से खोखला हो चला है। मिट्टी से दीवार की पकड़ पूरी तरह दूर व खोखली हो चुकी है। जिसके कारण कभी भी बाउंड्रीवॉल के गिरने जैसी घटना हो सकती है। इस दौरान कोई भी जनक्षति की स्थिति बन सकती है। नागरिकों एवं अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूल की बाउंड्रीवॉल सुधार की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि स्कूल के बच्चों सहित समीप की आबादी क्षेत्र के बच्चे दिनभर बाउंड्रीवाल के समीप खेलते हैं। साथ ही यहां पालतू मवेशी भी बाउंड्रीवाल के आसपास ही घूमते हैं। यदि कभी यकायक ही दीवाल के गिरने की घटना होती है तो जनक्षति हो सकती है। अतः आवश्यक है कि बाउंड्रीवाल का सुधार किया जाए। किसी भी तरह की क्षति रोकने के लिए बाउंड्रीवॉल का सुधार अथवा पुनर्निर्माण अति आवश्यक है। मामले में आसपास रहने वाले नागरिकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन इस स्थिति से अवगत होते हुए भी खामोश है।

### विवेक बने आजीवन सहयोग निधि के जिला संयोजक

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार आजीवन सहयोग निधि अभियान 2026 के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के लिए विवेक गौर को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जिले के सभी मंडलों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आजीवन सहयोग निधि भाजपा का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो पार्टी की आत्मनिर्भरता और कार्यकर्ता आधारित संगठन की पहचान है। अभियान के अंतर्गत कुँवर सिंह यादव, जितेंद्र चौहान एवं नवनीत नागपाल को जिला सह संयोजक बनाया गया है।

# जनचेतना यात्रा में लगा जाम नर्मदापुरम में पहुंचा काफिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई आशुतोष चौकसे का काफिला बुधवार को नर्मदापुरम पहुंचा। इस दौरान स्वागत और रैली के कारण बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हुई। विदित हो कि प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई द्वारा निकाली जा रही 210 किलोमीटर की पैदल जनचेतना यात्रा का समापन नर्मदापुरम में हुआ। शासकीय मेडिकल कालेज व एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर नर्मदा संरक्षण नशा मुक्त समाज एवं किसानों को उचित एमएसपी और सहकारी मिलों की सौगात जैसी मांग को लेकर नरसिंहपुर से नर्मदापुरम जिला मुख्यालय तक निकाली जा रही जनचेतना यात्रा शाम 5 बजे रसूलिया भोपाल तिराहा रामजी बाबा इब्राहिम चौक गांधी चौक इंदिरा चौक हलवाई चौक होते हुए जयस्थभ चौक पहुंची।

### देर रात स्लीपर बसों की सघन चेकिंग

**नर्मदापुरम।** सड़क सुरक्षा और यात्री हितों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा द्वारा मंगलवार रात्रि में स्लीपर बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों पर चल रही बसों की दस्तावेज़ी और भौतिक जांच की गई। जांच के दौरान एक स्लीपर बस में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण और वाहन के वास्तविक स्वरूप में विसंगति पाई गई। भौतिक परीक्षण में वाहन की बैठक क्षमता तथा स्लीपर व्यवस्था पंजीयन अभिलेखों से भिन्न पाई गई, जो मोटरयान नियमों का उल्लंघन है।

### रानी कमलापति-दानापुर के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन, नर्मदापुरम होगा स्टॉपेज

**नर्मदापुरम।** रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर के मध्य 2-2 ट्रिप द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी एवं सोमवार 2 मार्च को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शनिवार दिनांक 28 फरवरी एवं मंगलवार 3 मार्च को सुबह 11:15 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँचेगी। यह ट्रेन नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा पहुंचेगी।

### नर्मदापुरम टीम ने बनाए 394 रन

**नर्मदापुरम।** सीनियर मेंस अंतर संभागीय महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में नर्मदापुरम और भोपाल संभाग के मध्य चल रहे मैच में नर्मदापुरम की टीम 312 रन पर 5 विकेट से आगे खेलते हुए पूरी टीम 390 रनों पर ऑल आउट हुई। पेनाल्टी के कारण स्कोर 394 रहा।

### संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेला,रंग- बिरंगी रोशनी से झूले

# मनोरंजन के साथ कला और उत्सव के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का भव्य आयोजन जोर-शोर से जारी है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में, मेले में हर दिन कला, संगीत और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 5 फरवरी को बॉलीवुड फेम शब्बीर कुमार अपनी मधुर आवाज़ में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। अगले दिन यानी 6 फरवरी को पंजाबी बॉलीवुड सिंगर सतवंत बादशाह और मलखम इंडिया'ज़ गॉट टैलेंट के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

7 फरवरी को मेले का मुख्य आकर्षण अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा, जिसमें धार के जानी बैरागी, इंदौर के अतुल ज्वाला, उज्जैन के हिमांशू बंबडर, नीमच की डॉ प्रेरणा ठाकरे सहित कई प्रसिद्ध कवि शिरकत करेंगे। इसी दिन दिन में नर्मदा महाविद्यालय में कबड्डी का रोमांचक मुकाबला भी होगा। 8 फरवरी को दिन में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी और शाम में खाटू श्याम भजन संध्या में तिवारी सिस्टर एवं अभिषेक शर्मा की प्रस्तुति का आनंद लिया जा सकेगा। 9 फरवरी को एसएनजी स्टेडियम में प्रदेशभर के पहलवान दंगल का रोमांच बढ़ाएंगे, वहीं शाम में बॉलीवुड नाइट में देवांशु बालाजी मुंबई अपनी प्रस्तुति देंगे। 10 फरवरी को मुंबई की प्लेबैक सिंगर इशिता विश्वकर्मा दर्शकों को संगीत की मधुर शाम का तोहफ़ा देंगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि इस भव्य और रंगारंग मेला का भरपूर आनंद लेने के लिए अवश्य पधारें।



# अंग्रेजी नवाचार: कमजोर बच्चे भी सीख रहे तेजी से अंग्रेजी, टीम ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कक्षा तीन से आठ तक के शासकीय अंग्रेजी शिक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला ने बच्चों की सीखने की क्षमता को नया आयाम दिया है। एक माह पूर्व पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नर्मदापुरम ब्लॉक में आयोजित इस अंग्रेजी नवाचार कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों की समझ और गतिविधि आधारित सीख को बढ़ावा देना था।

कार्यशाला में शिक्षकों को अनिवार्य क्रियान्वयन योजना दी गई, जिसे लगभग सभी शिक्षकों ने पूरी निष्ठा से लागू किया। वर्ड यूज मेथड इतनी सरल और प्रभावी रही कि परिणाम जल्दी आने लगे। शिक्षकों ने बताया कि इस विधि से कमजोर बच्चे भी तेजी से सीख रहे हैं और अभिभावक भी प्रभावित हैं।भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को उच्च अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर युक्त "बेस्ट परफॉर्मेंस इंग्लिश टीचर" का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।प्रशिक्षण नवाचार शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के संस्थापक जैन और उनकी टीम ने कार्यशाला का संचालन किया। भोपाल से आए चार सदस्यीय निरीक्षण टीम ने 15 स्कूलों का निरीक्षण किया। टीम ने फास्ट परिणामों से प्रभावित होकर इसे अंग्रेजी शिक्षा में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम करार दिया।डा. वर्मा ने बताया कि इस तरह की नवाचार कार्यशालाएँ केवल अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि हिंदी और गणित विषय में भी लागू की जाएँगी। कार्यशाला में वर्ड यूज मेथड्स पर विशेष जोर दिया गया ताकि बच्चे वाक्य रटना न पड़ें, बल्कि शब्दों को समझ आधारित तरीके से अभ्यास करें। साथ ही, स्पोकन इंग्लिश पर भी खास ध्यान दिया गया।इस नवाचार ने साबित कर दिया है कि सही विधि और सक्रिय शिक्षकों के प्रयास से बच्चों की सीखने की गति और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

### 212 लोगों की स्क्रीनिंग हुई

**नर्मदापुरम।** जिला अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस पर 212 लोगों की स्क्रीनिंग हुई, जिसमें ओरल कैंसर का 1 मरीज और सर्विक्स कैंसर की 2 महिलाएं संभावित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत और सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि कैंसर से डरने की नहीं, समय पर जांच कराने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि तंबाकू और नशीले पदार्थों से दूरी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर जांच में देर न करें, नियमित स्क्रीनिंग कराएं और दूसरों को भी जागरूक करें।

## खबर संक्षेप

### पंडाल प्रीमियर लीग सीजन 3 का शुभारंभ आज से

**सारनी।** बाबा मठारदेव खेल समिति सारणी के तत्वावधान में पंडाल प्रीमियर लीग सीजन 3 टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ गुरुवार 5 फरवरी 2026 से होगा। शुभारंभ प्रातः 8 बजे सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता एसके लिल्हारे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके गुप्ता, महाप्रबंधक नरेश पनवार के आतिथ्य में होगा। स्पर्धा का समापन 8 फरवरी को सायं 4 बजे पारितोषिक वितरण के साथ होगा। इस दौरान प्रतिदिन रामरख्यानी स्टेडियम में रोमांचक क्रिकेट मैच होंगे। बाबा मठारदेव खेल समिति ने क्रिकेट प्रेमियों से खेल का लुत्फ उठाने का आग्रह किया है।

### युवाओं की भागीदारी बढ़ाने माय भारत बजट क्विज शुरू

**बैतूल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में युवाओं में केंद्रीय बजट 2026 के प्रति जागरूकता एवं समझ विकसित करने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्विज 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी बैतूल श्रीमती सुषमा गवली ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता रजिस्ट्रेशन अभियान में यह कार्यक्रम बहु-चरणीय एवं सहभागितापूर्ण प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता 3 फरवरी से प्रारंभ है, जो 17 फरवरी 2026 तक होगी। क्विज में भाग लेने के इच्छुक युवा पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्विज चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य, केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर निबंध लेखन चरण के लिए किया जाएगा, जहां वे केंद्रीय बजट 2026 के प्रमुख विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में राज्य, केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर चयनित युवाओं को नीति-निर्माताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ केंद्रीय बजट 2026 पर वर्चुअल संवाद का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे युवाओं की नीतिगत समझ, जागरूकता एवं सहभागिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। मेरा युवा भारत बैतूल द्वारा जिले के सभी युवाओं से 17 फरवरी 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण कर क्विज में सहभागिता करने की अपील की है।

### सैनिक सम्मेलन में पहुंचेगीं राजमाता फुलवादेवी

**बैतूल।** श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था नई दिल्ली की शाखा ब्रांच कार्यालय ग्राम मालवर पोस्ट टेमरू तहसील शाहपुर में गुरुवार 7 फरवरी को सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कंगला मांझी सरकार संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता फुलवादेवी कांगे बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। उनके साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, देव नैतिक तथा विभिन्न संस्थागत विषयों पर विस्तृत परिचर्चा की जाएगी। जिले के प्रभारी जिला अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि राजमाता फुलवादेवी कांगे 6 फरवरी को शाम 5 बजे घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। वहां से शाहपुर स्थित मुस्कान होटल में रात्रि विश्राम करेंगी। 07 फरवरी को प्रातः 11 बजे शाहपुर से ग्राम मालवर के लिए रवाना होंगी, जहां मंचासीन कार्यक्रम में उद्बोधन देंगी। कार्यक्रम के बाद पुनः शाहपुर मुस्कान होटल लौटकर विश्राम करेंगी। 8 फरवरी को सुबह शाहपुर मुस्कान होटल से पुनः ग्राम मालवर पहुंचकर देव पूजा एवं सामाजिक परिचर्चा में भाग लेंगी। शाम को मालवर से वापस शाहपुर मुस्कान होटल आकर रात्रि विश्राम करेंगी। 09 फरवरी को प्रातः 11 बजे अनिल धुर्वे, ग्राम देशावाडी के लिए रवाना होंगी, जहां संस्थागत चर्चा में सहभागिता करेंगी। रात्रि 8 बजे देशावाडी से घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान कर वहां से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगी।

## नपा ने ठेकेदार को वर्क आर्डर जारी कर काम शुरू करने के लिए किया निर्देशित

# महानगरों की तर्ज पर नजर आएगी नेहरू पार्क की चौपाटी

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

महानगरों की तरह ही बैतूल शहर की चौपाटी भी जल्द आकर्षक अंदाज में नजर आएगी। इसके कायाकल्प पर नगरपालिका द्वारा 1.62 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। इस कार्य के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है। ठेकेदार को वर्क ऑर्डर भी दिया जा चुका है और जल्द कार्य शुरू करने के लिए भी कहा है। योजना के तहत चौपाटी में संचालित अस्थायी हाथ ठेलों को हटाकर 100 से अधिक आधुनिक, एक समान डिजाइन की स्थायी दुकानें बनाई जाएंगी, जिससे चौपाटी का लुक पूरी तरह आधुनिक और आकर्षक हो जाएगा। चौपाटी का यह कायाकल्प विधायक हेमंत खंडेलवाल की परिकल्पना और निरंतर प्रयासों से संभव हो पाया है। नगरपालिका के अनुसार नेहरू पार्क चौपाटी में 122 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में यहां अधिकांश दुकानदार हाथ ठेलों और अस्थायी ढांचों में व्यवसाय कर रहे हैं, जिससे न केवल अव्यवस्था रहती है बल्कि सौंदर्यीकरण भी प्रभावित होता है। नए प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी दुकानों का एक ही आकार और एक ही डिज़ाइन होगा। प्रत्येक दुकान का साइज 10 बाय 10 फीट निर्धारित किया गया है, ताकि सभी दुकानदारों को समान सुविधा मिल सके। इसके अलावा यहां पेवर ब्लॉक, रेलिंग एवं डेकोरेटिव लाइट्स भी लगाई जाएंगी।

### विधायक की मंशानुरूप तैयार किया है प्रोजेक्ट

नेहरू पार्क चौपाटी केवल ठेले और अस्थायी दुकानों तक सीमित न रहे, बल्कि यह शहरवासियों के लिए एक सुव्यवस्थित, आकर्षक और आधुनिक फूड स्ट्रीट के रूप में विकसित हो, यहीं बैतूल विधायक की भी मंशा रही है। उनकी इसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए नगरपालिका द्वारा यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। योजना के तहत चौपाटी को न सिर्फ व्यवस्थित किया जाएगा, बल्कि इसे शहर की पहचान के रूप में भी विकसित किया जाएगा। हालांकि चौपाटी में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की संख्या सूची से कहीं अधिक बताई जा रही है। ऐसे में सूची से बाहर रह गए दुकानदारों को कहां और कैसे स्थान



मिलेगा, इस मुद्दे पर नगरपालिका की ओर से अभी कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है।

### बढ़ सकता है दुकानों का किराया

चौपाटी पर एक जैसी बनाई जाएंगी। 122 दुकानें प्रोफाइल शीट की बनाई जाएंगी और सभी दुकानें 10 बाय 10 फीट में बनेगी। इन दुकानों का किराया भी अधिक हो सकता है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में चौपाटी पर दुकाने लगाने वाले दुकानदारों से नगरपालिका द्वारा 20 रुपए प्रतिदिन प्रति दुकान के हिसाब से किराया वसूला जाता है। कायाकल्प के बाद सुविधाएं तय है। हालांकि अभी किराये की बढ़ने के साथ किराये में इजाफा होना अंतिम दर तय नहीं की गई है, अनुमान लगाया जा रहा है कि दुकानें बनने के बाद किराया में भी वृद्धि हो सकती है। बताया गया कि करीब एक साल पहले नगरपालिका द्वारा चौपाटी के दुकानदारों का सर्वे कराया था। इसी आधार पर सर्वे के बाद 122 अलग-अलग दुकानदारों की सूची तैयार की गई है। इन्हीं सूचीबद्ध दुकानदारों को नई दुकानें आवंटित की जाएंगी।

### बेहद आकर्षक नजर आएगी चौपाटी

चौपाटी को आकर्षक बनाने के लिए, केवल दुकानें ही नहीं, बल्कि पूरे परिसर का सौंदर्गीकरण किया जाएगा। योजना के तहत चौपाटी में रेलिंग, आधुनिक डेकोरेटिव लाइटिंग और बेहतर ले-आउट तैयार किया जाएगा। शाम के समय चौपाटी रोशनी से जगमगाएगी, जिससे यहां लोगों के लिए एक पसंदीदा पारिवारिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगी। फिलहाल नगरपालिका ने ठेकेदार को वर्कआर्डर कर दिये है और जल्द ही काम शुरू करने के लिए भी कहा है। नपा द्वारा निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने की योजना है, ताकि दुकानदारों और लोगों को कम से कम परेशानी हो।

### *जल्द शुरू होगा काम*

*नेहरू पार्क के पास 1.62 करोड़ रुपए से चौपाटी पर 122 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसका वर्क आर्डर भी ठेकेदार को दे दिया है और जल्द काम शुरू करने के लिए कहा है। यहां बनने वाली सभी दुकानों का साइज और डिजाइन एक जैसी होगी। जिससे चौपाटी बेहद आकर्षक नजर आयेगी।*

*- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

## दो महीने से लापता युवक का शव घर के पीछे बाड़ी में मिला



**बैतूल।** शाहपुर में दो महीने से लापता युवक का शव बुधवार को घर के पीछे बाड़ी में मिला। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अरविंद प्रजापति के रूप में हुई। पतौवापुरा का रहने वाला अरविंद पेशे से शेयर ट्रेडर था। शव मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि अरविंद 5 दिसंबर से लापता था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखवाई थी। लापता होने के लगभग दो महीने बाद जब घर के पीछे से सड़न की तेज बदबू आने लगी तो खोजने पर परिवार को बाड़ी में शव दिखाई दिया। परिवार ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि शव की हालत देखकर प्रारंभिक अनुमान है कि मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी। मामले की जांच के लिए बैतूल से फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम बुलाई गई है। पुलिस मौत की वजह जानने के लिए परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पीएम के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी।

## 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र के कुम्हार टेक गांव में मंगलवार रात 14 वर्षीय नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब घर लौटे तो उन्होंने बालिका को घर के अंदरूनी कमरे में दुपट्टे से झूलता पाया। पुलिस को घटना की सूचना रात करीब 9.30 बजे मिली। परिजनों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने रात करीब 11.30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, बालिका पांचवीं कक्षा तक पढ़ी थी और कुछ समय से उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। घटना के समय उसकी मां भट्टे पर काम करने गई थीं, जबकि पिता मवेशी चराने जंगल गए थे। घर लौटने पर पिता ने ही उसे फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि बालिका ने घर में ही फांसी लगाई थी। परिजनों ने बताया कि उसने कभी किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की थी। गंज पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की मासिक बैठक

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज 5 फरवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे के निवास पर आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के समस्त पेंशनर्स साथियों के साथ बीटीआई 1976 बैच एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के पेंशनरों साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक में 30 जून को सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों के अब तक संशोधित पीपीओ प्राप्त नहीं होने के गंभीर विषय पर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल जिला पेंशन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर से भेंट कर संशोधित पीपीओ शीघ्र जारी कराने हेतु प्रयास करेगा तथा सभी लंबित प्रकरणों की जानकारी एकत्र की जाएगी।

## आधुनिक खेती की दी जानकारी

# ग्राम कनौजिया में पहुंचा कृषि रथ



**बैतूल।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर आमला विकासखंड की ग्राम पंचायत कनौजिया में बुधवार को कृषि रथ के माध्यम से कृषक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपसंचालक कृषि बैतूल डॉ. आनंद बड़ोनिया ने बताया कि कार्यशाला के दौरान किसानों को ई-टोकन प्रणाली, नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी आधुनिक कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रा रीपर, रीपर-कंबाइनर की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ई-यंत्र पोर्टल के माध्यम से कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के फायदे बताते हुए रासायनिक लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी विभाग से डॉ. प्रमोद मीणा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसके तिवारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सतीश भोंडे, पशुपालन विभाग से हेमलता नागले, शीला नागले, उघान विस्तार अधिकारी एवं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड बैतूल के प्रभारी राजेश करोले ने बताया कि बैतूल शहर में 12 परीक्षा केंद्र और 6 विकास खंड में उत्कर्ष चयन परीक्षा एवं मॉडल चयन परीक्षा के साथ-साथ श्रमोदय की भी परीक्षा का केंद्र बैतूल ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उमावि बैतूल गंज है। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0755-2552106 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रशासन की चुप्पी से सचिवों में नाराजगी काम बंद-कलम बंद की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चिचोली विकासखंड में पदस्थ पंचायत सचिव के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन द्वारा जिला मुख्यालय पर दिए गए तीन दिवसीय अल्टीमेटम का एक दिन बीत जाने के बाद भी दोषी आरोपी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने से जिलेभर के पंचायत सचिवों में नाराजगी और असंतोष गहराता जा रहा है। प्रशासन की चुप्पी को लेकर संगठन ने आंदोलन को लेकर अपना रुख और सख्त कर दिया है।

मंगलवार 3 फरवरी को जिला मुख्यालय बैतूल पहुंचकर मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत, नर्मदापुरम के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवनाथ बागमरे एवं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अमरुते के नेतृत्व में जिले के दसों विकासखंडों के अध्यक्षों और सैकड़ों पंचायत सचिवों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में दोषी आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, उसके विरुद्ध कठोर



कानूनी कार्रवाई, पंचायत सचिवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, शासकीय सेवकों के सम्मान और संरक्षण के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने सहित जनपद पंचायत स्तर पर साप्ताहिक बैठक के स्थान पर मासिक बैठक आयोजित करने और प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान की मांग की गई थी। ज्ञापन सौंपते समय संगठन ने स्पष्ट रूप से तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि यदि निर्धारित समयसीमा में न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो पंचायत सचिव काम बंद-कलम बंद हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। अल्टीमेटम का पहला दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से संगठन में रोष और बेचैनी का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने पूर्व में स्पष्ट किया था कि पंचायत सचिव शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, ऐसे में उन पर हमला निंदनीय है। वहीं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद अमरुते और संभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष देवनाथ बागमरे ने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस आंदोलन के दौरान जिले के दसों ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र गंगारे, विजय मालवी, धनराज बड़ोदे, राजू पंडाग्रे, संतोष लोखंडे, रोशन यादव, राजेन्द्र झरबड़े, नामदेव खाड़े, रामदास बारपेटे, मनोहर बमोरिया सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन का सम्मेलन आगामी 7 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन बैतूल का स्नेह सम्मेलन शनिवार 7 फरवरी को सागौन बाबा दरबार, परशुराम चौक (कॉलेज चौक) के पास बैतूल में आयोजित होगा। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। इसमें पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णयों व पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संयुक्त मोर्चा के विधि सलाहकार एमएम अंसारी, जो एसोसिएशन शाखा सचिव भी है, वह मोर्चा द्वारा निर्धारित प्रदेश के सभी सर्किल/जिलों में विद्युत पेंशनर्स के दो सूत्रीय मांग पत्र पेंशन गारंटी और केंद्र के समान घोषित दर व दिनांक से महंगाई राहत का भुगतान के लिए जारी संघर्ष अनुसार 11 फरवरी को कैंपेन हाउस लिंक रोड परिसर बैतूल में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धरना-प्रदर्शन तथा महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बैतूल को ज्ञापन दिए जाने की रूपरेखा तथा आगामी संघर्ष कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी सभी को देंगे। साथ ही मोर्चा की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीके तिवारी ने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## अभ्यर्थियों ने सौंपा ज्ञापन

# अग्निवीर भर्ती 2026 में आयु सीमा बदलाव का विरोध



**बैतूल।** अग्निवीर योजना 2026 की भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में बदलाव के विरोध में बैतूल में युवाओं ने प्रदर्शन किया। बुधवार को सैकड़ों की संख्या में युवा कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने बताया कि हाल ही में भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा को 1 अक्टूबर 2005 से बदलकर 1 जुलाई 2006 कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण हजारों अभ्यर्थी, जो पहले पात्र थे, अब ओवरएज हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई युवा पिछले कई वर्षों से सेना भर्ती की तैयारी कर रहे थे, जिनमें से कुछ तो गांव छोड़कर बैतूल में रहकर प्रशिक्षण ले रहे थे। इस अचानक हुए बदलाव से उनकी वर्षों की मेहनत पर पानी फिर गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि अग्निवीर भर्ती 2026 में एक बार के लिए आयु सीमा में विशेष छूट (वन टाइम एज रिलैक्सेशन) दी जाए। उनका तर्क है कि इससे उन युवाओं को अवसर मिल सकेगा, जो पूर्व मानकों के अनुसार तैयारी कर रहे थे। युवाओं ने कहा कि वे वर्षों से अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ तैयारी कर रहे थे। आयु सीमा अचानक घटा दिए जाने से उनका मनोबल टूट गया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में न्यायसंगत और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है।

# जिले के 4 केंद्रों पर 518 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ

## बैठक में जिला आयुष अधिकारी ने विभागीय विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आयुष विभाग द्वारा आयोजित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में जिले के 4 स्थानों पर कुल 518 बच्चों को स्वर्ण प्राशन करवाया गया। यह आयोजन प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र पर किया जाता है। इस बार भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें डाबर फार्मास्यूटिकल्स का सहयोग प्राप्त हुआ। आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक माह मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 2 फरवरी को जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉक्टर योगेश चौकीकर द्वारा औषधालय समय पर खुलने, कर्मचारियों को गणवेश में उपस्थित रहने, आगंतुकों से सदाचारपूर्ण व्यवहार कर औषधि प्रदान करने के निर्देश दिए गए। अन्य विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभागीय निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्य क्षमता बढ़ाने हेतु बैठक के मध्य में योग ब्रेक भी लिया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर बाल्य रोग विशेषज्ञ ने बताया कि स्वर्ण प्राशन औषधि में स्वर्ण भस्म के साथ शंखपुष्पी, ब्राम्ही, वचा, विषम मात्रा में घृत एवं शहद का मिश्रण होता है।



बदलते मौसम में स्वर्ण प्राशन से बच्चों का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है तथा बीमारियों से लडने की क्षमता में वृद्धि होती है। इसे बच्चों के लिए अमृत तुल्य बताया गया है, जो उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत हितकर है।

### अगला पुष्य नक्षत्र 28 फरवरी को

स्वर्ण प्राशन का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 371 लाभार्थी, जिला आयुष विंग बैतूल में 40 लाभार्थी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 75 लाभार्थी तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 32 लाभार्थी बच्चों के लिए किया गया। इस प्रकार कुल 518 लाभार्थी बच्चों ने स्वर्ण प्राशन का लाभ प्राप्त किया।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# गोला फेंक में सुनीता प्रथम प्रियंका दूसरे स्थान पर रही

**बैतूल।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन भीमपुर के मॉडल स्कूल खेल परिसर में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत प्राचीन खेल कबड्डी, रस्सा कसी, गोला फेक, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष भीमपुर भैया लाल इरपाचे, प्राचार्य मॉडल स्कूल भीमपुर श्रीमती आशा साहू के आतिथ्य में और जिला अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर सुषमा गवली ने बताया कि भारत सरकार मेरा युवा भारत द्वारा इस तरीके के आयोजन ब्लॉक स्तर पर किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण अंचल में छिपी हुई प्रतिभा अपनी प्रतिभा निखार सके। जनपद अध्यक्ष श्री इरपाचे ने कहा कि सरकार के द्वारा खेल जगत के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधि जन जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं जिससे प्रतिभाओं को अनेक ऊंचाई तक पहुंचने का एक सुनहरा अवसर



मिलता है। कार्यक्रम में कबड्डी में प्रथम स्थान जूनियर युवा मंडल भीमपुर व उपविजेता बजरंग क्लब बेला रहा, गोला फेक में प्रथम स्थान सुनीता व द्वितीय स्थान प्रियंका धुर्वे, पुरुष वर्ग गोला फेंक में शेशपाल इवने प्रथम, द्वितीय स्थान लोकेश ने, 100 मीटर दौड़ में सुनीता ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान नीलिमा ने, 200 मीटर दौड़ में पंकज नरवर प्रथम व वासुदेव कवड़े ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय सिंह ठाकुर द्वारा व आभार तनुश्री सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सुजीत इवने, रवि कुमार इवने, कृष्ण राव मालवी, महादेव पाल, नेहा चौहान, मयंक जैन, प्रीति उईके आदि रहे मौजूद।

## खबर संक्षेप

### पचमढ़ी मेले में भक्तों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

**नर्मदापुरम।** महादेव मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा महाशिवरात्रि मेला पचमढ़ी वर्ष 2026 के आयोजन के लिए विभिन्न पाइंटो पर चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस वाहन चालक सहित की डियुटी 5 फरवरी से 15 फरवरी तक लगाई गई है। डॉ. रिचा कटकवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया को मेला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो मेले में बीमार होने वाले भक्तों की देख भाल करेंगे। जिससे लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

### फिर शुरू हुए मांगलिक कार्यक्रम

**नर्मदापुरम।** करीब दो माह तक अस्त रहने के बाद शुक्र ग्रह का फिर उदय होते ही जिले में एक बार फिर मांगलिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। जगह-जगह शादियों की तैयारियां देखने को मिल रही है। माता पूजने वर और वधु मंदिरों में पहुंच रहे हैं। वहीं दुकानों में भी रौनक लौट आई है। ज्वेलरी और कपड़े का बाजार फिर गर्मा गया है, जिसे देख दुकानदार खुश नजर आ रहे हैं। बुधवार को मैरिज गार्डनों में भी साज सज्जा नजर आई और शाम होते ही बैंड बाजों की आवाज गूंजने लगी।

### कल से मेला प्रारंभ होने के साथ ही शिवनाद से गूंजेगी पचमढ़ी की वादियां

# महाशिवरात्रि मेला 2026: शिवभक्तों के लिए तैयार सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 से 15 फरवरी तक 10 दिवसीय आस्था महोत्सव महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया जाएगा। लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय आस्था महोत्सव महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मेले में सुरक्षा स्वच्छता परिवहन जलापूर्ति आवागमन एवं स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर रूप से भ्रमण कर मेले के सफल आयोजन के लोई निरीक्षण किया जा रहा है।

इस वर्ष मेले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है जिससे मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। मुख्य रूप से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर भूत भावन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने चौरागढ़ मंदिर जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पचमढ़ी पहुंचने का अनुमान है जिसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

### अस्थाई पार्किंग की गई तैयार

महाशिवरात्रि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेला अवधि में अधिक व्हीलबेस वाली लंबे आकार की स्लीपर कोच यात्री बसों के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। मटकुली से पचमढ़ी जाने वाला मार्ग पर लंबे आकार की स्लीपर कोच बसों के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। सेक्टर क्रं. ए 13 मटकुली अंतर्गत छिंदवाड़ा एवं पिपरिया मार्ग पर चलने वाले भारी एवं बड़े वाहनों को रोका जाता है। मेला अवधि में होटल हाइलैंड के सामने मैदान में अस्थाई पार्किंग तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त सांदीपनि विद्यालय पर भी अस्थाई पार्किंग तैयार की गई। साथ ही न्यू होटल के समीप मैदान में पार्किंग स्थल को रिजर्व भी रखा गया है। परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों से पचमढ़ी तक के लिए किराए का निर्धारण भी किया गया है। महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं किसी भी संभावित आपदा से त्वरित रूप से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मेला क्षेत्र में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने हेतु होमगार्ड, एसडीआरएफ तथा आपदा मित्रों की विशेष रूप से तैनाती की जा रही है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने तथा आपात स्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के उद्देश्य से होमगार्ड के 20 जवान, एसडीआरएफ के 20 सदस्य एवं 40 से अधिक प्रशिक्षित आपदा मित्रों को मेला क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

# चार साल से समग्र आईडी के लिए भटक रहा गरीब बुजुर्ग

### ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

आदिवासी विकासखंड केसला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भट्टी में पंचायत प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां के एक अति गरीब निवासी हरिराम गोंड की समग्र आईडी पंचायत द्वारा डिलीट करने से उन्हें पिछले चार वर्षों से शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परेशान होकर आज ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपकर सरपंच-सचिव पर कार्रवाई की मांग की है।

### योजनाओं से वंचित

ग्रामीण अखिलेश पांडे और अंकित वर्मा ने बताया कि हरिराम पिछले 30 वर्षों से गांव में रह रहे हैं। उनके पास पुराना राशन कार्ड, परिचय पत्र और आधार कार्ड जैसे सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन उनकी समग्र आईडी पोर्टल से हटा दी गई है। आरोप है कि पिछले 4 साल से लगातार आवेदन देने के बावजूद सरपंच और सचिव द्वारा इसे दोबारा नहीं बनाया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचायत में लगातार अनियमितताएं और लापरवाही बरती जा रही है।

### विधायक कप वॉलीबॉल का आगाज

# पहले मुकाबले में भिड़ीं ग्वालियर और नर्मदापुरम की टीमें



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम रामपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय विधायक कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। खेल के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों की नामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला रोमांचक मैच ग्वालियर और नर्मदापुरम की टीमों के बीच खेला गया। कायक्रम में सुधीर पटेल, प्रशांत तिवारी, भारत सिंह राजपूत, संतोष पाटिल और अखिलेश खंडेलवाल सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता 5 फरवरी तक चलेगी, जिसमें हर दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष भगवती चौरे और सचिव आशुतोष तिवारी ने बताया कि आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम का संचालन शैलेन दीक्षित ने किया।

# अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट: 33 वर्ष बाद फाइनल में पहुंची सोहागपुर टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के 61वें वर्ष में खेला गया पांचवां दिन हॉकी प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक बन गया। खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में मंडीदीप और मेज़बान सोहागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। आज फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में मंडीदीप और इटारसी की टीमें आमने-सामने रहीं। मुकाबले की शुरुआत से ही मंडीदीप ने संतुलित आक्रमण और मजबूत रक्षापंक्ति के दम पर मैच पर पकड़ बना ली। तेज पासिंग और सटीक फिनिश का प्रदर्शन करते हुए मंडीदीप ने इटारसी को 3-1 से पराजित कर फाइनल का टिकट पक्का किया।

### दूसरा सेमीफाइनल- सोहागपुर ने रचा इतिहास

दूसरे सेमीफाइनल में उज्जैन और मेज़बान सोहागपुर के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। जिसके



बाद निर्णय ट्राई ब्रेकर से हुआ। ट्राई ब्रेकर में सोहागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन को 3 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। यह जीत सोहागपुर हॉकी इतिहास के स्वर्णिम पलों में दर्ज हो गई। वर्ष 1993 में इंदौर पुलिस को हराकर फाइनल जीतने वाली सोहागपुर टीम ने 33 वर्षों बाद एक बार फिर फाइनल में पहुंची है। अब प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला सोहागपुर बनाम मंडीदीप के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में रही हैं, ऐसे में दर्शकों को एक हाई-वोल्टेज और रोमांचक फाइनल की पूरी उम्मीद है। आज दर्शकों की भारी मौजूदगी में सफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, सचिव पवन सिंह चौहान, संयोजक अश्वनी सरोज व अन्य साथियों ने खेल प्रेमियों से फाइनल मैच तथा पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

# वैष्णो माता के दर्शन करने 11 भक्तों का जत्था साइकिल से हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार को हाथों में साइकिल का हैंडल और मन में मैया के दर्शन की प्यास, इसी अटूट संकल्प के साथ इटारसी के 11 साहसी भक्तों का जत्था माता वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना हुआ। यह दल ट्रेन या बस के बजाय साइकिल से करीब 1300 किलोमीटर से अधिक की कठिन दूरी तय कर जम्मू के कटरा पहुंचेगा।

बूढ़ी माता मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा भक्ति और शारीरिक क्षमता की अनूठी परीक्षा है। यह जत्था प्रतिदिन औसतन 60 से 70 किलोमीटर साइकिल चलाकर लगभग 23 दिनों में कटरा पहुंचेगा। यात्रा के मार्ग में भक्त सलकनपुर धाम, राजस्थान के खाटू श्याम, सालासर बालाजी, रामदेवजी और हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध नौ देवियों नैनादेवी, ज्वालादेवी, चामुंडा देवी




आदि के दर्शन करते हुए वैष्णो देवी पहुंचेंगे। वापसी का सफर रेल मार्ग से तय किया जाएगा।

साइकिल यात्रियों के प्रस्थान पर नगर में उत्साह का माहौल रहा। जयस्तंभ चौक पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पमाला पहनाकर और जय माता दी के जयकारों के साथ भक्तों का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान यह दल धर्म के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा। इस धार्मिक यात्रा में सर्वेंद्र लामकुचे, अनिल कुमार, कन्हैयालाल, संतोष, ओमप्रकाश, लोकेश, सोनू केवट, राजेंद्र, जप्पू नामदेव, मस्तानसिंह और मनोज यादव शामिल हैं। सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसी यात्राओं का उद्देश्य युवाओं में साहस, अनुशासन और धार्मिक चेतना का संचार करना है।

# 7 फरवरी से होगा कलशारोहण तथा वेदी प्रतिष्ठा

### श्री जिनवाणी अस्थाप महोत्सव की भव्य तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

धर्म, भक्ति और आस्था का संगम सोहागपुर बनने जा रहा है। नगर में जैन धर्म की परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों एवं धर्म प्रभावना को सशक्त करने के उद्देश्य से 7 फरवरी से श्री जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण, वेदी प्रतिष्ठा एवं तिलक महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव शासकीय कन्या शाला के पीछे स्थित परिसर में संपन्न होगा।

सोहागपुर सकल जैन समाज के नागरिकों के अनुसार आयोजन का उद्देश्य जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की वाणी को जन-जन तक पहुंचाने तथा धर्म प्रभावना को गति देने का है। इस



अवसर पर सकल तारण-तरण जैन समाज सोहागपुर के चैत्यालय में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में शनिवार सात फरवरी को श्री जिनवाणी जी अस्थाप व घट यात्रा निकाली जाएगी। रविवार आठ फरवरी को कलशारोहण एवं श्री पालकी जी चल समारोह का आयोजन होगा। वहीं सोमवार नौ फरवरी को वेदी सूत्रण, तिलक महामहोत्सव एवं सम्मान समारोह संपन्न किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में आठ फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक पात्र भावना प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर दो बजे श्री जिनवाणी जी पालकी जी चल समारोह भव्य रूप से निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने नगर एवं क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन सकल तारण-तरण दिगंबर जैन समाज सोहागपुर के तत्वावधान में संपन्न होगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में इटारसी स्थित नई दिशाएँ नारी विकास समिति द्वारा सराहनीय पहल की गई है। संस्था द्वारा लगभग 52 महिलाओं को 45 दिवसीय निःशुल्क चार पहिया वाहन संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) रिंकू शर्मा द्वारा सभी प्रशिक्षित महिला चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। इस दौरान मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित प्रावधानों, सड़क सुरक्षा नियमों तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जाने वाली चालानी कार्रवाई के बारे में



विस्तार से जानकारी दी गई। आरटीओ ने महिलाओं को वाहन चलाते समय सतर्कता, गति नियंत्रण, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, सीट बेल्ट के उपयोग एवं पैदल यात्रियों के प्रति संवेदनशीलता बरतने की विशेष सलाह दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल स्वयं की नहीं, बल्कि अन्य नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ी जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को निशुल्क हेलमेट प्रदान किए जायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। सभी प्रतिभागियों ने आरटीओ द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने और जिम्मेदार चालक बनने का आश्वासन दिया।

# जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य पर कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों को जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य प्रभावों से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण में सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को जलवायु-संवेदनशील बीमारियों की निगरानी, प्रबंधन और जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। डॉ सृजन सेंगर ने मानसिक स्वास्थ्य, डॉ मिलन सोनी ने मुख और ओरल स्वास्थ्य, और आर एस चौहान ने एकीकृत निगरानी रोग पर प्रशिक्षण दिया। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्कीम के अंतर्गत फिजियोथेरेपी संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य श्याम मनावत का सारगर्भित प्रवचन

# बिना मांगे दी गई सलाह रिश्तों में दूरी और अहंकार को देती है जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम शिवपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस भागवत आचार्य श्याम जी मनावत ने जीवन व्यवहार, आत्मबोध और मानवीय संबंधों पर गूढ़ संदेश दिए। उन्होंने कहा कि सलाह देना उचित है, लेकिन किसी के जीवन का निर्णय उस पर थोपना व्यवहारिक धर्म के विरुद्ध है। बिना मांगे दी गई सलाह अक्सर रिश्तों में दूरी और मन में अहंकार को जन्म देती है।

### हर व्यक्ति की जीवन यात्रा अलग होती है

प्रवचन के दौरान आचार्य ने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन, उसकी परिस्थितियां और उसकी यात्रा अलग-अलग होती है। ऐसे में हमें केवल मार्गदर्शन का अधिकार है, निर्णय का नहीं। निर्णय उसी व्यक्ति को लेना चाहिए, तभी संबंधों में मधुरता और सम्मान बना रहता है। यही सच्चा व्यवहारिक धर्म और जीवन जीने की सही कला है। आचार्य श्याम ने श्रोताओं को समझाते हुए कहा-"जिस दिन मनुष्य को साध्य और साधन के अंतर का बोध हो जाता है, उसी दिन उसका जीवन धन्य हो जाता है।"उन्होंने बताया कि लक्ष्य चाहे कितना ही पवित्र क्यों न हो, यदि उसे पाने का साधन गलत है तो वह लक्ष्य भी अपना महत्व खो देता है। जीवन में साध्य के साथ-साथ साधन की पवित्रता अत्यंत आवश्यक है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सदैव धर्म, नीति और मानवता के मार्ग पर चलकर ही अपने लक्ष्य प्राप्त किए। चाहे कंस वध हो या पांडवों की रक्षा-हर प्रसंग में उन्होंने मानव कल्याण और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा।




### धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पावन प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। रात ठीक 12 बजे कृष्ण जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। झांकियाँ सजाई गईं, पुष्पवर्षा हुई, दीप प्रज्वलन और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने "नंद के आनंद भयो" और "जय कन्हैया लाल की" जैसे भजनों पर नृत्य कर अपनी आस्था प्रकट की। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, वहीं बच्चों को बाल गोपाल के रूप में सजाया गया। पंडाल में मौजूद हर श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में सराबोर नजर आया। कृष्ण जन्म उत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। समूचा क्षेत्र "हरि बोल" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा।जीवन मूल्यों को अपनाने में ही सच्ची भक्तिकथा के समापन पर आचार्य श्याम जी मनावत ने कहा कि कृष्ण को केवल पूजने से नहीं, बल्कि उनके जीवन मूल्यों को अपनाने से सच्ची भक्ति होती है। यदि मनुष्य अपने व्यवहार में संयम, विवेक और करुणा को स्थान दे दे, तो जीवन स्वयं एक सुंदर कथा बन जाता है।

# बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 के तहत की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ करने पर कार्रवाई करेगा। ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केन्द्र जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी जिसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। बता दें कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 में यह प्रावधान है कि अनुज्ञप्ति धारी या स्वामी की सहमति के बिना कोई इलेक्ट्रिक लाइन, सामग्री या मीटर को हटाएगा या ले जाता है या अन्यत्र जगह लगाता है तब भी इसमें सजा और जमाने का प्रावधान है।

**शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी (म.प्र.)**

पत्र क्र./182/स्था./2026 — इटारसी, दिनांक 04/02/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

महाविद्यालय में सामग्री क्रय किये जाने हेतु जैम पोर्टल पर निविदा जारी की गई है। निविदा में भाग लेने हेतु पोर्टल पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid Start Date | 02/02/2026 |
| 2. | Bid End Date | 23/02/2026 |

**डॉ. राकेश मेहमा**
**प्राचार्य**

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में प्रविष्टि सुधार के लिए दावा 14 तक

**हरदा।** विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अनमेप्ड मतदाताओं एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में दर्ज मतदाताओं की मतदान केन्द्रवार सूची का प्रकाशन आम मतदाताओं के अवलोकन हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 134-टिमरनी तथा 135-हरदा के कार्यालय में चस्पा कर किया गया है। उप जिला अधिकारी सतीश राय ने बताया कि इस केटेगरी में आये मतदाताओं को सुनवाई का अवसर देते हुए मेप्ड किये जाने की कार्यवाही एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से हटाये जाने की कार्यवाही संबंधित ईआरओ व एईआरओ द्वारा सतत रूप से की जा रही है। इन सूचियों में दर्ज मतदाता को मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि सुधारने हेतु 10 दिवस के भीतर अपना दावा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को अंतिम तिथि 14 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकता है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**हरदा।** हंडिया में एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार रात की है जब हंडिया से घर लौटते 28 वर्षीय गोविंद की बाइक मवेशियों से टकरा गई। हादसे में घायल युवक पूरी रात बेसुध सड़क पर ही पड़ा रहा। सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ी, तब जाकर परिजनों को सूचना मिली। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम सिंगोन निवासी गोविंद पिता जगदीश केवट मंगलवार रात किसी काम से हंडिया गया था। रात करीब 10 बजे वह बाइक से वापस लौट रहा था। सिंगोन और मालकुंड के बीच सड़क पर बैठे मवेशियों से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक फिसल गई और गोविंद सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में गोविंद के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। रातभर कोई मदद नहीं मिली और वह सड़क पर ही पड़ा रहा। बुधवार सुबह खेत जाने के लिए निकली गांव की महिलाओं ने उसे सड़क किनारे घायल अवस्था में देखा। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजन युवक को जिला अस्पताल हरदा लेकर पहुंचे। वहां ड्यूटी डॉक्टर डॉ. नवीन जैन ने बताया कि सिर में गंभीर चोट की वजह से युवक की हालत नाजुक है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### मदिरा अवैध विक्रय के प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, ग्राम बीड़, गहाल, टिमरनी, भौनखेड़ी, गोंदागांव कला, करताना व छीपानेर में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 46 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 810 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 12 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 90200 रूपये है।

### 11 डिग्री न्यूनतम तापमान, कोहरा छाया

**सीहोर।** जिले में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सोमवार के मुकाबले करीब 3 डिग्री कम रहा। फरवरी के पहले सप्ताह में एक बार फिर ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और शीतलहर जैसी स्थिति बन गई है। मंगलवार सुबह सीहोर शहर और ग्रामीण इलाकों में इस मौसम का सबसे घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता घटकर करीब 20 मीटर रह गई। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई और सड़कों पर आवाजाही धीमी रही। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है।

---

### खिरकिया जनपद पंचायत के भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो

# जल सुनवाई में पेयजल संबंधी समस्याएं सुनी जाएं: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने बुधवार को जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने खिरकिया जनपद पंचायत के नवीन भवन का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि भवन निर्माण में आ रही अड़चनों को तत्परता से दूर किया जाए। भवन निर्माण के लिये यदि कोई अवरोध बन रहा है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त आयुक्त विकास नवल मीना सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष में जिले को आवंटित लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण किये जाएं। उन्होने एक बगीया माँ के नाम एवं नर्मदा परिक्रमा पथ योजना की प्रगति की भी इस दौरान जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होने विभिन्न वित्तीय वर्षों में स्वीकृत आवासों एवं पूर्ण आवासों की स्थिति की भी जानकारी ली। मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष में लक्ष्य अनुरूप शतप्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाए। मिशन के डीपीएम उपलब्धि अर्जित करने में पूरी तरह सक्रिय रहें। उन्होने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करें। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि जिन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को दी गई सेवाओं की ऑनलाइन एंट्री की जाना है, उनमें ऑफलाइन कार्य न किया जाए। शतप्रतिशत हितग्राहियों की ऑनलाइन ही एंट्री सुनिश्चित की जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जिले की आंगनवाड़ियां निर्धारित दिनों में नियमित खुले, इस बात की सघन निगरानी की जाए। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आंगनवाड़ी खुलने की रेंडम जांच भी करें। नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं जल सुनवाई की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि जल सुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों का गंभीरता से निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत दर्ज होने वाली शिकायतें भी नॉट अटेंडेंट न रहे। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होने जिले में पशुओं की नस्ल सुधार, स्वास्थ्य एवं पोषण के लिये किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। साथ ही कहा कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान में बेहतर परिणाम मूलक कार्य किये जायें। जिले में मिल्क रूट विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत नल जल परियोजनाओं की प्रगति एवं गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई।

#### पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की

संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने मंगलवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय के साथ जिले में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुँचकर मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया एवं एईआरओ द्वारा किये जा रहे दावा आपत्तियों के निराकरण की समीक्षा भी की।

---

### ग्रामीणों ने आरोप लगाया

## जिस भूमि पर वर्षों से मेला लगता आ रहा, उसे किसी के नाम किया

*असंवैधानिक तरीके से भूमि अपने नाम दर्ज करा ली है*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव/हरदा

तहसील के वन ग्राम रवांग से सौ से अधिक ग्रामीण मंगलवार को हरदा कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके गांव में जिस भूमि पर लगभग 50 वर्षों से मेला लगता आ रहा है, उसे अवैध रूप से गवली समाज के एक व्यक्ति के नाम कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गवली समाज के शालक राम और उनके बेटों ने बिना किसी रजिस्ट्री या दान के, असंवैधानिक तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि अपने नाम दर्ज करा ली है। ग्राम सरपंच जगदीश काजले ने बताया कि खसरा नंबर 146/3 (तीन एकड़) और खसरा नंबर 149 (10.63 एकड़) सहित कुल 13.63 एकड़ भूमि राजाराम आत्मज भूरा के स्वामित्व की थी। यह भूमि विरासत में उनके भाइयों और मां के नाम दर्ज थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इसे गांव के पुजारी सालिगराम के नाम बिना किसी वैध प्रक्रिया के चढ़ा दिया गया। इस भूमि पर वर्षों से पूर्णिमा पर मेला लगता रहा है, लेकिन इस साल कथित किसान ने इस पर गेहूं की फसल बो दी है और मेला नहीं लगने दे रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर आदिवासी वर्ग के व्यक्ति को उनकी पैतृक भूमि वापस दिलाने की मांग की है। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने इस मामले पर कहा कि चूंकि राजस्व रिकॉर्ड में 1963 में नाम परिवर्तित हुए हैं, इसलिए तहसीलदार की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि बिना अनुमति के नाम बदले गए हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

## जिला न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर संपन्न



**हरदा।** बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ए.डी.आर. भवन में न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण आदि के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन का उद्देश्य न्यायालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति, अधिवक्ता और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन स्वस्थ तन एवं मन से कर सकें। उनके द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य की जांच कराये जाने और बीमारी के किसी भी लक्षण को नजर अंदाज न कर, समय पर चिकित्सक की सलाह लिये जाने हेतु प्रेरित कर, संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल किये जाने की सलाह दी गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. विजेन्द्र धनवारे, डॉ. रामकृष्ण गुर्जर, संजय मेवाडा मेल नर्सिंग स्टॉफ और मदनमोहन मालवीय शहरी कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित हुए लोगों की शुगर, रक्तचाप की जांच की जाकर, उनको उचित परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश निसार अहमद, द्वितीय जिला न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर, न्यायिक मजिस्ट्रेटगण चेतना रूसिया, प्रेमदीप शाह, संजीव राहंगडाले, काजल सिंह पटेल, सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अन्य अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स आदि उपस्थित रहे।

---

## स्वयंसेवकों ने भ्रमण कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



हरदा आदर्श महाविद्यालय, हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के चतुर्थ दिवस बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम में भ्रमण कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम एवं योग अभ्यास किया गया, जिससे स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम में स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य शिविर में आकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लेने हेतु प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथियो द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत बौद्धिक सत्र का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. फ़ज़ल खान (एएमओ, सीएचसी) एवं डॉ. विजयश्री मीणा (एएमओ, सीएचसी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में परामर्शदाता, उमंग स्वास्थ्य केंद्र, हरदा पारुल काशिव व गणेश सराठे तथा लोकेश मंडलोई (रिजगांव स्वास्थ्य केंद्र) शामिल रहे। इस दौरान पारुल काशिव ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और नियमित दिनचर्या के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ. फ़ज़ल खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में स्वयंसेवकों ने ग्राम संपर्क कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर का यह आयोजन ग्राम में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सोलंकी ने किया तथा आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी तपिश सोलंकी ने व्यक्त किया। इस सम्पूर्ण शिविर में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी छाया लोंगरे, सहायक प्राध्यापिका वाणी धार्मिक, पूर्व स्वयंसेवक जयंत राठौर, रोहित, मयूरी शर्मा, विक्की ठाकुर, गंभीर विश्नोई तथा सभी स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

---

## बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज का 50वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 को आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



ग्राम दुलिया में बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज हरदा द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 10 फरवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

इस सम्मेलन में 05 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। जिसके लिए सभी ग्राम इकाई अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समितियां को अपने-अपने दायित्व प्रदान किए गए। ताकि सामूहिक सम्मेलन सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके, ईस दौरान बैठक में आगामी सामूहिक सम्मेलन के लिए भी बैठक में तैयारी की। जिसकी तारीख 20 अप्रैल अक्षय तृतीया तय की गई। जिसमें एक जोड़ा का नाम लिखाया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर, सचिव राजनारायण गौर विवाह समिति अध्यक्ष लवकुश गौर, न्याय समिति अध्यक्ष प्रदीप गौर, बालकिशन गौर, सुरेश गौर, हरनारायण गौर , हरिओम गौर दिलीप गौर शिवनारायण, गौर (गुरुजी) जयनारायण गौर. विवाह समिति सचिव अरुण गौर, सहित अन्य पदाधिकारी सामाजिक बंधुओं ने भाग लिया। अंत में शिवनारायण गौर दुलिया के द्वारा कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया।

---

### विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य-शिविर में शामिल हुईं थीं

## कलेक्टर ने दो अतिरिक्त एंबुलेंस दी

**झिरन्या।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने बीएमओ डा.दीपक शस्त्रे से कहा झिरन्या में 2 एम्बुलेंस देंगे,जो अभी चल रही वाहनों से अतिरक्त होगी। इसका संचालन आपको करना है। जिससे मरीजों को परेशान नहीं होना पडेगा और उन्हें जरुरत के मुताबिक़ वाहन-सेवा उपलब्ध हो सकेगी। कलेक्टर मित्तल बीएमओ डा.शस्त्रे सहित ग्रामीणों में लक्ष्मण देवड़े, भावसिंह पटेल एवं आल इंडिया बंजारा संघ मुंबई के महासचिव मंगलम पंवार से चर्चा कर रही थी। वे बुधवार को विश्व कैंसर दिवस पर शा.प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेलापड़ावा में आयोजित स्वास्थ्य-शिविर में पहुंची थी। जिसमें जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता नार्वे और एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल,सीइओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ.शुभम बाला, तहसीलदार मुन्ना अड़ और नायब तहसीलदार राजेश बरडे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत यह आकांक्षी विकासखंड है और यहां शिविर में मरीजों एवं बीएमओ से चर्चा कर की और टीबी,एनीमिया एवं मातृ स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की। शिविर में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन,प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर आयरन एवं पोषण आदि सलाह दी गई। शिविर में कुल 183 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 94 गर्भवती) महिलाएं,20 किशोर बालक,बालिकाएं, 43 मरीज मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप फॉलो-अप, 5 टीबी-मरीज शामिल हैं। उन्हें कलेक्टर ने फ़ूड बास्केट का वितरण किया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि शा.प्राथमिक स्वास्थ्य रायलबेडा पर सोलर प्लांट सिस्टम लगाने और मलगांव तितरानिया, डिलीवरी प्वाइंट पर पानी की उपलब्धता तथा सभी टीबी पेशेंट को फूड बास्केट वितरण के निर्देश दिए हैं।

---

### 1 लाख रुपए से भरा बैग लेकर भागे, एक आरोपी गिरफ्तार

# रुपयों से भरे बैग की चोरी का खुलासा

**सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने रुपयों से भरे बैग की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। यह घटना 27 जनवरी की है। मंडीदीप निवासी शाविर अली सीहोर के नमक चौराहा स्थित शैलेंद्र अग्रवाल की दुकान पर व्यावसायिक भुगतान लेने आए थे। उन्होंने एक लाख रुपये नकद प्राप्त किए और उन्हें एक झोले में रखा था। कुछ देर बाद झोला गायब हो गया।

#### दुकान से गायब किया था बैग

दुकान से झोला चोरी होने पर शाविर अली ने कोतवाली सीहोर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। इसी दौरान डावला माता निवासी तेरू पारदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में तेरू पारदी ने बताया कि उसने अपने साथी लक्की पारदी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ने चोरी किए गए एक लाख रुपये आपस में बांट लिए थे। पुलिस ने आरोपी तेरू पारदी के पास से 15 हजार रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। शेष रकम की बरामदगी और फरार आरोपी लक्की पारदी की तलाश की जा रही है।



#### भीड़भाड़ वाले बाजारों को बनाते थे निशाना

पुलिस के अनुसार, आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में घूमकर उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो नकद लेनदेन करते हैं। सही मौका देखकर वे चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

---

## बुआ के साथ अस्पताल गई थी 3 साल की आराध्या, गलतफहमी के बीच पुलिस ने सुलझाई 'गुमशुदगी' की गुत्थी

**सीहोर।** मंगलवार की दोपहर पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में एक अजीबोगरीब वाकया हुआ। एक छोटी सी गलतफहमी ने पूरे परिवार की सांसें अटका दीं और पुलिस महकमे को सडक़ों पर दौडऩे पर मजबूर कर दिया। लेकिन कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी ने महज चंद घंटों में इस सस्पेंस को खत्म कर मासूम आराध्या को उसके परिजनों से मिला दिया। कोतवाली थाना प्रभारी रवीन्द्र यादव ने बताय कि 3 साल की आराध्या घर के बाहर खेल रही थी। उसी समय उसकी बुआ अपने बच्चे को लेकर पास के अस्पताल जा रही थीं। नन्ही आराध्या भी चुपचाप उनके पीछे-पीछे चल दी। रास्ते में जब बुआ की नजर आराध्या पर पड़ी तो उन्होंने सोचा कि बच्ची को भी साथ ले चलती हूं। जिम्मेदारी दिखाते हुए बुआ ने पास की एक दुकान पर दुकानदार को आवाज लगाई और कहा घर पर बता देना कि आराध्या मेरे साथ अस्पताल जा रही है, लेकिन ठीक उसी समय नमाज का वक्त हो चुका था और दुकानदार जल्दी में था। वह बात पूरी तरह सुने या घर तक पहुंचाए बिना ही नमाज पढऩे चला गया। उधर घर वालों ने जब आराध्या को गायब देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने पूरी ताकत लगाकर बच्ची को आसपास तलाशा, लेकिन जब वह नहीं मिली तो वे रोते-बिलखते परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मासूम के गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस भी अलर्ट हो गई।